प्रश्नोतर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट - "अ"

परिशिष्ट 'अड़तीस '

[6/3/2017]

प्रश्न क्रमांक [क्र.4655]

अंतर सिंह आर्य
मंत्री
पशुपालन, मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास,
कुटीर एवं ग्रामोद्योग, पर्यावरण विभाग,
मध्यप्रदेश शासन.

कार्या.—536, वल्लभ भवन, भोपाल (मध्यप्रदेश)
निवास—बी-25 (74 बंगले), स्वामी दयानंद नगर
भोपाल (मध्यप्रदेश)
दूरभाष कार्यालय : 0755-2551953
निवास/फैक्स : 0755-2441593, 2441060

जावक क्र. . . . .

दिनांक . . . .

प्रति,

प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश शासन,
पर्यावरण विभाग,
मंत्रालय, भोपाल।

विधान सभा सत्र फरवरी—अप्रैल 2016 में दिये गये आश्वासन कमांक— 858 एवं विधान सभा सत्र जुलाई 2016 में दिए गऐ आश्वासन कमांक— 1374 के संदर्भ में माननीय विधायक सर्वश्री बहादुर सिंह चौहान, विधान सभा क्षेत्र माहिदपुर, श्री दिलीप सिंह शेखावत्, विधान सभा क्षेत्र नागदा—खाचरौद, श्री जितेन्द्र गेहलोत विधान सभा क्षेत्र आलोट तथा मान.श्री सुल्तान सिंह शेखावत्, अध्यक्ष म.प्र. कामगार बोर्ड एवं पर्यावरण विभाग के अधिकारियों के साथ दिनांक 2 फरवरी 2017 को नागदा स्थित ग्रेसिम इण्डस्ट्रीज के आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया, जिसमें निम्नलिखित बिन्दु परिलक्षित हुए :—

- ग्राम मेहतवाश , टकरावदा, पारदी, दुर्गापुरा, परमार खेड़ी तथा नागदा नगर के बिरला ग्राम स्थित स्कूल ब्रिज नाला के पानी के सेंपल जॉच हेतु लिए गए ।
- ग्राम परमार खेड़ी में कुछ परिवारों के बच्चें रहस्यमय बीमारी से ग्रसित मिले तथा वहां पीने के पानी की समस्या होने से पीने का पानी लगभग 03 कि०मी० दूर अन्य गॉव से लाना बताया गया।
- माननीय विधायकों एवं स्थानीय प्रतिनिधियों द्वारा अवगत कराया गया कि इण्डस्ट्रीज के आसपास स्थित जमीन में गेहूँ की फसल के अतिरिक्त अन्य कोई फसल पैदा नही हो रही है ।
- अन्य फसलों की पैदावार हेतु ग्रेसिम इण्डस्ट्रीज एवं सभी केमिकल इण्डस्ट्रीज के आसपास की मिट्टी का परीक्षण किये जाने के निर्देश दिये गये तथा मिट्टी परीक्षण के समय कृषि विभाग एवं पर्यावरण विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति भी सुनिश्चित की जावे।
- ग्रेसिम इण्डस्ट्रीज के अधिकारियों द्वारा नागदा और आसपास के नगरों का सीवेज का ट्रीटमेंट कर उसका उपयोग किये जाने हेतु स्थानीय स्तर पर मॉग की गई।
- ग्रेसिम इण्डस्ट्रीज द्वारा 110 करोड़ रूपये की लागत से स्थापित की जाने वाली ETP योजना दिसम्बर 2017 तक पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।
- माननीय विधायकों द्वारा ग्रेसिम इण्डस्ट्रीज के गुजरात में स्थापित ट्रीटमेंट प्लाट के अवलोकन करने की मॉग पर इण्डस्ट्रीज प्रबंधन द्वारा सहमत होने पर उक्त भ्रमण पर जाने की सहमति दी गई।

अतः उपरोक्त बिन्दुओं पर आवश्यक कार्यवाही कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

(अंतर सिंह आर्य)

प्रतिलिपिः— 12734 11/02/2017

सदस्य सचिव, म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण परिसर, ई—5, अरेरा कालोनी भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(अंतर सिंह आर्य)

Meenu
मीना मिश्रा
कनिष्ठ वैज्ञानिक